तुमने जो छोड़ा तो किधर जाऊँगा

तुमने जो छोड़ा तो किधर जाऊँगा,
श्याम सर पे रख दो हाथ मैं संवर जाऊँगा,
मेरे सर पे रख दो हाथ मैं संवर जाऊँगा......

सहूँ और ग़म मैं इतने ताक़त नहीं है,
तुमसे छिपी तो मेरी हालत नहीं है,
अब ना संभाला तो बिखर जाऊँगा,
श्याम सर पे रख दो हाथ मैं संवर जाऊँगा,
मेरे सर पे रख दो हाथ मैं संवर जाऊँगा.......

हालत पे मेरी दुनिया ताने कसेगी,
बनाकर मज़ाक मेरा दुनिया हँसेगी,
तेरे दर से खाली मैं अगर जाऊँगा,
श्याम सर पे रख दो हाथ मैं संवर जाऊँगा,
मेरे सर पे रख दो हाथ मैं संवर जाऊँगा......

चरणों में तेरे सब कुछ अर्पण है मेरा,
अर्पित शुभम का सारा जीवन है तेरा,
तुझसे बिछड़ के तो मैं मर जाऊँगा,
श्याम सर पे रख दो हाथ मैं संवर जाऊँगा,
मेरे सर पे रख दो हाथ मैं संवर जाऊँगा......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/30359/title/tumne-jo-chhoda-to-kidhar-jaunga

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |